गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम २००९ क्र.२५ अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय
कोनी, बिलासपुर– ४९५००९ (छ.ग.)
दूरभाष : ०७७५२-२६०२०९, फैक्स : ०७७५२-२६०१५४
ई-मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University Established under the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 65 /बै.प्र./कार्यपरिषद/2017 बिलासपुर दिनांक :25/04/17

।। अधिसूचना ।।

प्रो. पी.के. बाजपेयी, आचार्य, अधिष्ठाता – अध्ययनशाला भौतिकीय विज्ञान, सदस्य कार्यपरिषद् द्वारा कार्यपरिषद् की सदस्यता से प्रस्तुत त्यागपत्र दिनांक 25.04.2017, केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के प्रथम परिनियम कमांक 31 के प्रावधानानुसार दिनांक 25.04.2017 से प्रभावी हो गया है। अतः अधिष्ठाता – अध्ययनशाला संवर्ग से कार्यपरिषद् में एक सदस्य का पद रिक्त हो गया है।

उपरोक्त स्थिति में केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा 38 में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक 137/बै.प्र./कार्यपरिषद/2016 दिनांक 16.03.2016 के अनुक्रम में केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के परिनियम क्रमांक–11 (संशोधित, की कंडिका (1)(vi) के प्रावधान के अंतर्गत प्रो. मनीष कुमार श्रीवास्तव, आचार्य, अधिष्ठाता –कला अध्ययनशाला को कार्यपरिषद् का सदस्य नामित किया जाता है।

उक्त नामांकन कार्यपरिषद् के कालावधि अर्थात् दिनांक 15.03.2019 अथवा उनके अधिष्ठाता अध्ययनशाला के कार्यकाल तक, जो भी पहले हो, तक के लिए होगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव (कार्यवाहक)

पृ0क्रमांक 66 /बै.प्र./कार्यपरिषद/2017 बिलासपुर दिनांक :25/04/17

प्रतिलिपि –

01. सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ।
02. कुलपति के सचिव को कुलपति महोदया के सूचनार्थ प्रेषित।
03 संयुक्त सचिव (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ।
04. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों की ओर सूचनार्थ।
05. प्रो. मनीष कुमार श्रीवास्तव, आचार्य, अधिष्ठाता –कला अध्ययनशाला की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06. प्रो. पी.के. बाजपेयी,, आचार्य, शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग की ओर सूचनार्थ।
07. अध्ययनशालाओं के अधिष्ठातागण /समस्त विभागाध्यक्ष/विभागीय अधिकारियों/प्रभारी वि.वि. वेब पटल, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव (कार्यवाहक)

mcell/3RD-EC/notification/3